हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 4 सितंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

छत्तीसगढ़ महिला नेटबॉल टीम ने जीता कांस्य पदक
2



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

## दिन भर अवरूद्ध रहा डभरा-खरसिया मुख्य मार्ग, वाहनों की लगी कतारें
# खाद के लिए सड़क पर उतरे किसान सुबह से शाम तक किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खाद की किल्लत और सोसायटी में वितरण को लेकर चल रही मनमानी से आक्रोशित सक्ती जिले के गोबरा और चुरतेला के किसान सड़क पर उतर गए। उन्होंने किसानों को विधिवत खाद उपलब्ध कराने और गड़बड़ी करने वाले सोसायटी के जिम्मेदार लोगों क खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर डभरा खरसिया मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम सुबह से शाम तक जारी रहा। बाद में अफसरो की समझाईश तथा तीन दिनों के भीतर मामले की जांच कर कार्रवाई के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त हुआ। इस दौरान इस मार्ग पर पूरे दिन आवागमन अवरूद्ध रहा।

सक्ती जिले के डभरा क्षेत्र के किसानों ने विगत दिनों एसडीएम कार्यालय पहुंचकर खाद वितरण में मनमानी और अनियमितता करने की शिकायत की थी। उन्होंने अफसरों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गोबराभांठा चुरतेला और फरसवानी में समिति के जिम्मेदार लोगों द्वारा परमिट के बाद भी खाद नहीं देने और कालाबाजारी करने का आरोप लगाया था। इस मामले में कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने चक्काजाम की चेतावनी दी थी।

### सक्ती जिले के गोबरा सोसायटी में यूरिया वितरण में अनियमितता पर आक्रोश

**खास बातें**
- परमिट कटने के माह भर बाद भी नहीं मिला खाद
- गोबरा व चुरतेला के किसानों ने अफसरों को आवेदन कर दी थी आंदोलन की चेतावनी


डभरा-खरसिया मुख्य मार्ग में खाद की किल्लत को लेकर चक्काजाम करते किसान।

बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग के साथ प्रशासन की कुंभकर्णीय निद्रा नहीं टूटी। ऐसे में बुधवार 3 सितंबर को सुबह करीब 10 बजे गोबरा, चुरतेला के किसान बडी संख्या में इकट्ठा हुए और डभरा-खरसिया मुख्य मार्ग पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। कुछ ही देर में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी इकटठे हुए और उन्होंने भी आंदोलन का समर्थन किया। इस बीच चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने किसानों से चर्चा की। इस दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं रखी और जिम्मेदार अधिकारियों से बात करने तथा तत्काल कार्रवाई की मांग करने लगे। कुछ देर में तहसीलदार के साथ कृषि विभाग के अधिकारी पहुंचे। उन्होंने भी समझाईश दी, लेकिन किसानों ने उनकी एक नहीं सुनी और वे सड़क पर बैठे रहे। इधर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम होने से डभरा और खरसिया दोनों तरफ बड़े छोटे वाहनों की लंबी कतारें लग गई। किसानों का आंदोलन दिन भर चला। बाद में शाम करीब 5 बजे एसडीएम के साथ पुलिस अधिकारियों तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और आंदोलनरत किसानों के बीच चर्चा हुई, तब किसानों की मांग के अनुसार उक्त सोसायटी की स्टाक पंजी वितरण के संबंध में पूरी जांच 3 दिनों के भीतर करने तथा किसानों को यूरिया उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। जिसके पश्चात आंदोलन खत्म हुआ और सड़क पर आवागमन सुचारू हो सका। इसके पूर्व भी सोमवार 1 सितंबर को इन दोनों गांवों के किसानों द्वारा बड़ी संख्या में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर खाद की किल्लत को लेकर किसानों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर आंदोलन किया था, जब बात नहीं बनी तो बुधवार 3 सितंबर को डभरा खरसिया मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

## खबर संक्षेप

### अस्थाई फटाका लायसेंस के लिए नवीन आवेदन 5 से 19 तक

**जांजगीर-चांपा।** दीपावली पर्व की दृष्टि से अस्थाई फटाका लायसेंस हेतु नवीन आवेदन 5 से 19 सितम्बर तक लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवेदक विस्फोटक नियम 2008 के तहत निर्धारित प्रारूप-एल ई 5 में आवेदन के साथ साईट मैप और स्वयं का पासपोर्ट आकार का कलर फोटो एवं फोटोयुक्त परिचय पत्र, नगर पालिका व पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

### नवीन पीडीएस दुकान के लिए 15 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत खाद्य अधिकारी जांजगीर द्वारा नगर पालिका जांजगीर-नैला के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान के आबंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके लिए 15 सितम्बर तक कलेक्टर कार्यालय खाद्य शाखा जांजगीर-चांपा में आवेदन किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा जांजगीर-चांपा से कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

### निराश्रित एवं घुमंतु गौवंश के संरक्षण, आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** निराश्रित, घुमंतु तथा कृषिक पशुओं के संरक्षण, संवर्धन एवं विस्थापन के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गोधाम योजना का शुभारंभ किया गया है। यह योजना प्रदेश के निराश्रित, घुमंतु तथा कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 (यथा संशोधित)/ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के अंतर्गत संचालित है। उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवाएं ने बताया कि इस योजना में ऐसी शासकीय भूमि पर गोधाम की स्थापना की जाएगी, जहां सुरक्षित बाड़ा, पशु शेड, पर्याप्त पानी, बिजली और हरा चारा उत्पादन हेतु चारागाह की सुविधा उपलब्ध होगी। जिला प्रशासन के प्रस्ताव और छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग की स्वीकृति उपरांत चयनित संस्था को गोधाम स्थापना की अनुमति दी जाएगी। प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में गोधाम की स्थापना की जाएगी। इसके संचालन हेतु चिन्हांकित भूमि के समीप पंजीकृत गौशाला समिति की सहमति को प्राथमिकता दी जाएगी।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दैहिक शोषण, भेजा जेल

**बाराद्वार।** शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को बाराद्वार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार अमित सूर्यवंशी द्वारा नाबालिग से शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया। प्रार्थी द्वारा इसकी रिपोर्ट बाराद्वार थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी अमित सूर्यवंशी पिता देवकी नंदन सूर्यवंशी उम्र 25 साल निवासी वार्ड क्रमांक 12 मुक्ताराजा थाना बाराद्वार के विरूध्द कार्यवाही करते हुए गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर संबंधित न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण राजपूत सहित स्टाफ का योगदान रहा।

# सड़क हादसे में युवक की मौत अज्ञात वाहन चालक फरार
## पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बारगांव की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ से भंतवरा जा रहा युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। घटना में युवक की मौत हो गई। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र की के बारगांव की है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार 2 सितंबर की रात की है। भंवतरा निवासी हुलास साहू उम्र 36 वर्ष पेंटर का काम करता था। मंगलवार को वह किसी काम से पामगढ़ गया था। इस दौरान काम निपटाकर वापस भंवतरा लौट रहा था। इसी बीच बारगांव के पास अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद हुलास गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मौके पर ही उसकी मौत हो गई।


हुलास साहू।

घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों द्वारा इसकी सूचना पामगढ़ पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक के शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पामगढ़ ले जाया गया। जहां बुधवार 3 सितंबर को पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर युवक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# शराब पीने के लिए मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शराब पीने की लिये पैसे की मांग कर मारपीट कर चोट पहुचाने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम किरारी का है।

इस संबंध में पुलिस से यह जानकारी मिली किप्रार्थी होशराम सूयवंशी निवासी ग्राम किरारी 29 अगस्त को प्रातः 8.30 बजे अपने मोटरसायकल में खेत अमरताल खार से घर वापस आ रहा था उसी समय बडे नहर के पास आरोपी दिलीप द्वारा उसे रोकवा कर मुझे घर छोड दो बोलने पर प्रार्थी अपने मोटरसाइकिल में दिलीप को बैठाकर उसके घर ले गया घर के पास छोडा गया। जिस पर प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा की मांग किया एवं पैसा नहीं देने पर अश्लील गाली गलौज कर मारपीट कर चोट पहुंचाया गया। इसकी सूचना रिपोर्ट पर अपराध पंजीवध्द कर विवेचना में लिया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी दिलीप कश्यप को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करने एवं अपराध सदर धारा का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा, सहायक उप निरीक्षक दाउराम बरेठ, प्रधान आरक्षक विकाश मिश्रा, बसंत साहू का योगदान रहा।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# खाद का अव्यवस्थित भंडारण, करीब 1 मीट्रिक टन के विक्रय पर प्रतिबंध के साथ सीज की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

संबंधित फर्म द्वारा खाद का अव्यवस्थित पाए जाने के मामले में करीब 1 मैट्रिक टन खाद के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के साथ साथ सीज की कार्रवाई की गई है। इसके चलते फर्म संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

ज्ञात हो कि बुधवार 3 सितंबर को राज्य शासन के निर्देशानुसार संचालनालय कृषि की टीम द्वारा सक्ती के निजी खुदरा एवं थोक उर्वरक विक्रय स्थल व गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और संचालक कृषि विभाग राहुल देव के निर्देशन पर संचालनालय कृषि विभाग रायपुर से पहुंचे उप संचालक कृषि चिरंजीव सरकार, सहायक संचालक कृषि, रितेश मुटघरे तथा संयुक्त संचालक बिलासपुर एम के चौहान एवं जिले के अधिकारियों द्वारा सक्ती विकास खण्ड में मेसर्स ज्ञानीराम चंदगीराम के खुदरा एवं थोक विक्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया गया। जिसमें रिटेल गोदाम का यूरिया का भण्डारण अन्यत्र भण्डार गृह में भण्डारण करने व जैव उत्प्रेरकों का बिना वैध स्त्रोत प्रमाण पत्र व्यवसाय किया जाना पाया गया। संबंधित फर्म के द्वारा अव्यवस्थित भण्डारण पाये जाने के कारण यूरिया 0.99 मेट्रिक टन विक्रय पर प्रतिबंध एवं सीज की कार्यवाही की गई है। खाद भण्डार में संचालनालय कृषि विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि मूल्य सूची बोर्ड का प्रदर्शन नहीं होना, केस मेमो, स्कंध पंजीयन का संधारण उचित तरीके से नही पाया गया संबंधित फर्म को कारण बताओं नोटिस जारी कर सात दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु समय दिया गया है। जवाब संतोषप्रद नही पाये जाने की स्थिति में संबंधित के विरुध्द उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश-1985 के तहत प्राधिकार पत्र निलंबन की कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही कीटनाशी व्यवसाय में भी अनियमितता पाई गई है, अनियमितता पाए जाने के कारण कीटनाशी अधिनियम 1968 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने के कारण संबंधित फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। गुणवत्तायुक्त कीटनाशक मिल सके इस हेतु जिले में कार्यरत उर्वरक निरीक्षक, कीटनाशी निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारियों को सतत निरीक्षण कर अनियमितता पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही कर निरीक्षण प्रतिवेदन संचालनालय रायपुर कृषि विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।


खाद दुकानों में कार्रवाई करने पहुंचे अफसर।

# मिडिल स्कूल के पास ट्रांसफार्मर, डीपी झुकने एवं खुली लाइन से दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरगवां के मुख्य द्वार के पास स्थित ट्रांसफार्मर डीपी के झुकने एवं खुले सप्लाई लाइन से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्राम वासियों के द्वारा विद्युत विभाग में शिकायत किए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामवासियों में आक्रोश पनप रहा है।

ग्राम वासियों ने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला बरगवां में 200 से ज्यादा बच्चे अध्यनरत हैं, जो मुख्य द्वार से होकर शाला जाते हैं। शाला के मुख्य द्वार पर स्थित ट्रांसफार्मर का खंभा पिछले कुछ महीनो से धीरे-धीरे झुक रहा है जो कभी भी टूट कर गिर सकता है साथ ही ट्रांसफार्मर से निकलने वाले सप्लाई लाइन भी पूरी तरह से खुले हुए हैं। शाला आने एवं जाने के दौरान बच्चे दौड़ते एवं खेलने रहते हैं। गलती से भी सप्लाई लाइन के संपर्क में आने पर बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इसी प्रकार ट्रांसफार्मर का खंभा भी कभी भी गिर सकता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।


ट्रांसफार्मर में खुला सप्लाई लाइन।

**मिली है जानकारी**

बरगवां के शासकीय मिडिल स्कूल के पास स्थित ट्रांसफार्मर का डीपी झुकने एवं सप्लाई लाइन खुला रहने की जानकारी प्राप्त हुई है। क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर को निर्देशित कर समस्या का शीघ्र समाधान करवाता हूं।

-बीएल जांगड़े,
सहायक अभियंता विद्युत विभाग, अकलतरा

# सार्वजनिक जगह पर जुआ खेलने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार, 9 बाइक को किया जब्त

**सक्ती।** सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र के ग्राम सकरेली कला का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 2 सितंबर को ग्राम सकरेली कला नर्सरी खार में कुछ जुआड़ियान तासपत्ती से रूपये पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। पुलिस ने दबिश देकर विकास कृपलानी पिता पुरूषोत्तम कृपलानी उम्र 39 वर्ष निवासी आफिसर कालोनी सक्ती, रविशंकर अग्रवाल उम्र 36 वर्ष निवासी पुराना स्टैट बैंक पीछे सक्ती, दिलीप कुमार चंद्रा पिता केशव प्रसाद उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम सकर्रा थाना मालखरौदा जिला सक्ती एवं जोगीराम रात्रे पिता दाउराम रात्रे उम्र 40 वर्ष निवासी को पकड़ा गया। फड़ एवं पास से नगदी रकम 21300 रूपये, 4 नग विभिन्न कंपनी का मोबाईल कीमती 1 लाख तथा 9 बाइक कीमत 7 लाख 20 हजार कुल जुमला कीमती 8 लाख 41 हजार 300 रूप्ये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपीगण का कृत्य धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।



### 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ 2 पकड़ाया

**बाराद्वार।** 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रायपुरा भांठापारा एवं मुक्ताराजा में अलग अलग टीम बनाकर कन्हाटई सतनामी व अनुज कुमार साण्डे के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब को जब्त किया गया। कार्यवाही मे निरीक्षक प्रवीण राजपूत, यशवंत राठौर, श्रीकांत सेंग, विजय पटेल, योगेश राठौर, किशोर सिदार का योगदान रहा।

## टेंपल सिटी शिवरीनारायण में धूमधाम से मना डोल ग्यारस जलझूलनी एकादशी पर्व
# नगर भ्रमण के साथ चित्रोप्तला गंगा में नर-नारायण को कराया जल विहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

टेंपल सिटी शिवरीनारायण में डोल ग्यारस जलझूलनी एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। भजन कीर्तन मंडली के साथ साधु संतों की अगुवाई में भगवान नर नारायण रथ में आरूढ़ होकर नगर भ्रमण करते हुए चित्रोप्तला गंगा तट पर पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल विहार की परंपरा का निर्वहन किया गया।

डोल ग्यारस पर बुधवार 3 सितंबर को शिवरीनारायण में नर-नारायण मंदिर के सामने भगवान के लिए रथ को परंपरागत रूप से सजाया गया, फिर उसमें भगवान श्री हरि को विराजित करके भजन-कीर्तन के साथ शोभा यात्रा के रूप में नगर भ्रमण करते हुए महानदी के त्रिवेणी संगम तट पर ले जाया गया। ग्राम खपरीडी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ से आई हुई कीर्तन मंडली ने -हे कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा।। गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। चित्रोत्पला गंगा तट पर विधि पूर्वक मंत्रोचार के साथ भगवान की पूजा अर्चना की गई तथा उन्हें नाव में बिठाकर जल विहार करने के लिए महानदी के संगम तक ले जाया गया। जल क्रीड़ा के पश्चात भजन कीर्तन करते हुए पुनः मठ मंदिर तक लाया गया।


नगर भ्रमण में शामिल राजेश्री महंत साथ में साधु संत।



महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास ने कहा कि प्रत्येक माह में दो एकादशी होते हैं। सभी एकादशी भगवान की भक्ति एवं मोक्ष प्रदान करने वाली है। इस दिन साधकों को नदी -नालों या पवित्र स्थानों में स्नान करके भगवान की पूजा अर्चना करनी चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास त्यागी लगे हुए थे। शोभायात्रा में चित्रकूट, वृंदावन एवं अयोध्या से पधारे हुए संत महात्माओं के अतिरिक्त हेमंत दुबे, निरंजन लाल अग्रवाल, योगेश शर्मा, नारायण खंडेलिया, राधेश्याम शर्मा, अशोक शर्मा, कमलेश सिंह, हर प्रसाद साहू, प्रमोद सिंह, देव कुमार पांडे, बृजभान सिंह,ज्ञानेश शर्मा, जगदीश यादव, खगेंद्र पांडे, खगेश वैष्णव, गेंदु राम आदित्य, प्रतीक शुक्ला, पुरेन्द्र सोनी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे, अंकित दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट 2 आरोपियों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

पुरानी रंजिश को मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 2 सितंबर को प्रार्थी अपने दुकान में बैठा था। इस दौरान दीपक तिवारी आया और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर नवागढ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम किया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जांजगीर विजय कुमार पैकरा के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक अशोक वैष्णव के नेतृत्व तत्काल कार्यवाही करते हुए दीपक तिवारी उम्र 22 वर्ष निवासी सेमरा एवं कमलेश तिवारी उम्र 46 वर्ष निवासी सेमरा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही मे निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़, सहायक उप निरीक्षक संतोष केरकेट्टा, आरक्षक राजू कश्यप, हेमंत साहू, अंजनी कश्यप एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।



## जगह-जगह विराजे भगवान गणेश


गणेश सेवा समिति बाजार पारा खोखरा नहरपार।


सिद्धि विनायक सेवा समिति सुकली (जांजगीर)।


बाजार चौक बसंतपुर में विराजे श्री गणेश।


संजय नगर देवरानी रोड बिर्रा में बिराजे बाल गणेश।


बजरंग चौक सड़कपारा किकिरदा में विराजे लंबोदर।


लीला मण्डली देवांगन मोहल्ला बिर्रा।

## निधन

### होलीराम कश्यप



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम तुलसी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं प्रगतिशील कृषक होलीराम कश्यप का 74 वर्ष की आयु में बुधवार 3 सितंबर को निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रों एवं दो पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम तुलसी के मुक्तिधाम में हुआ। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र टोमेश्वर कश्यप ने दी। उनकी अंत्येष्टी में परिजन एवं ग्रामीणों के साथ आसपास के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिए प्रत्येक 15 दिवस के भीतर कैम्प कोर्ट लगाने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने तहसील व जनपद पंचायत कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

बम्हनीडीह के तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय एवं कृषक सेवा सहकारी समिति मर्यादित में चल रहे कृषक पंजीयन कार्य का बुधवार 3 सितंबर को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व के छोटे-छोटे प्रकरणों का तुरंत निराकरण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय में नामांतरण, अविवादित व विवादित बंटवारे, अभिलेख दुरूस्ती, त्रुटि सुधार, सीमांकन से संबंधित प्रकरणों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकरण की पेशी की तिथि अनावश्यक रूप से न बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण प्राथमिकता में किया जाए और इसके लिए प्रत्येक 15 दिवस के भीतर कैम्प कोर्ट लगाकर मामलों का निपटारा सुनिश्चित करें। साथ ही त्रुटि सुधार संबंधी सभी प्रकरणों का निराकरण त्रुटि सुधार मॉड्यूल के माध्यम से मौके पर ही किया जाए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में आने वाले आवेदकों से बातचीत की और उनकी शिकायतों को सुना। कलेक्टर श्री महोबे ने जनपद पंचायत बम्हनीडीह का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से भवन की स्वच्छता पर जोर देते हुए साफ-सफाई के कड़े निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यक्रम अधिकारी को मनरेगा कार्यों का अवलोकन करने एवं स्वीकृत कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषक सेवा सहकारी समिति मर्यादित बम्हनीडीह में चल रहे कृषक पंजीयन कार्य का औचक निरीक्षण करते हुए एग्रीस्टैक पोर्टल पर किये जा रहे पंजीयन की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा करते हुए खाद की जानकारी ली। किसानों ने खाद की कमी को बताया तो उन्होंने संबंधित अधिकारियों को खाद उपलब्ध कराने एवं संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम पवन कोसमा, जनपद पंचायत सीईओ सुश्री प्रज्ञा यादव सहित तहसीलदार व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


निरीक्षण के दौरान एग्रीस्टैक पोर्टल पर किये जा रहे पंजीयन की जानकारी लेते कलेक्टर।

### जनपद पंचायत बम्हनीडीह के सचिवों की ली बैठक

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने सचिवों से बैठक मे कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का क्रियान्वयन गंभीरता और जिम्मेदारी से किया जाए। उन्होंने आंगनबाड़ी, विद्यालय, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से मरम्मत संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और स्पष्ट किया कि सभी कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ होने चाहिए और इसकी जांच आरईएस एवं मनरेगा तकनीकी अमले के द्वारा सतत रूप से किया जाए। कलेक्टर ने वृक्षारोपण पर भी विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, जिससे हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के प्रयास सफल हों। साथ ही उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्रेशन पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि किसी पात्र किसान का पंजीयन छूट न पाए। उन्होंने यह भी कहा कि राशन कार्ड वितरण में पात्र और अपात्र का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित करें।



## रक्तदान महान कार्य, जरुरतमंदों को आएगा काम : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नैला-जांजगीर

नैला सरायखाना में मुस्लिम जमात नैला की तरफ से पैगंबर मोहम्मद साहब पैदाइश के मौके पर सभी के लिए निःशुल्क हेल्थ चेकअप और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. संगम लाल, डॉ. लोकेंद्र कश्यप हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. अतीक सिद्दीकी, डॉ. गुलाफशा सिद्दीकी महिला रोग विशेषज्ञ, डॉ. वसुंधरा कश्यप दंत रोग चिकित्सक ने अपनी सेवाएं दी।

■ नैला सरायखाना में नि:शुल्क हेल्थ चेकअप और रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

इसमें शारीरिक चेकअप, आंख का चेकअप के साथ साथ दवा भी सब निःशुल्क दी गई। सभी मेडिकल स्टाफ जिसने एम एल साहू, कमल, पवन साहू, सुनील खूंटे, साहब लाल दिवाकर ,राकेश यादव, ऋषि कश्यप, जगदेव चंद्रा,भूमि कश्यप, दीक्षा, मधुबाला और नेत्र जांच के लिए जानू चश्मा घर के द्वारा मशीन उपलब्ध करवाई गई ,चेकअप के लिए सुयोग राठौर,अमित राठौर, सूर्या राठौर आदि उपस्थित थे। समाज के सदर हाजी अब्दुल सलाम अहमद,जनाब रफीक खान, राजू सिद्दकी,अरमान खान(पार्षद)सईद खान, कय्यूम खान, फरीद खान, जलाल खान,राजा खान, इब्बू खान, राज आदि ने भरपूर सहयोग दिया। एसपी विजय कुमार पाण्डेय के द्वारा रक्तदान किए हुए लोगों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया साथ ही सेवा देने वाले चिकित्सकों का भी सम्मान किया गया। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान का कार्य एक महान कार्य है। ये रक्त किसी जरूरतमंद को लगेगा जो किसी भी धर्म का हो रक्तदान करने वाला किसी विशेष धर्म या जाति के लिए नहीं करता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रफीक सिद्दीकी ने कहा कि हमने मुस्लिम समाज में एक अभियान चलाया है। कलम का लंगर। समाज के सभी लोग एक रोटी कम खाएं लेकिन अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दें। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार, नैला चौकी प्रभारी श्री जाटवर उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में 23 नवयुवकों ने रक्तदान किया और 157 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का चेकअप करवाया और दवा भी प्राप्त किया। इस अवसर पर परस शर्मा वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक, बेलाल खान,ताहिर बाबा खान सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय सूरती ध्यान योग शिविर कल से, प्रदेशभर से जुटेंगे 200 से अधिक साधक

**जांजगीर-चांपा।** समर्थगुरु धारा सेवा संघ छत्तीसगढ़ द्वारा जांजगीर में 5 से 7 सितंबर तक तीन दिवसीय ध्यान योग एवं सूरती योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समग्र जीवन को तनावमुक्त, आनंदमय और सफल बनाने की दिशा में आयोजित इस विशेष शिविर में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से 200 से अधिक लोगों ने अपना पंजीयन कराया है। शिविर की शुरुआत 4 सितंबर की शाम 6 बजे सत्संग एवं प्रश्नोत्तर सत्र से होगी। इस विशेष सत्संग का विषय तनाव और चिंता से मुक्ति रखा गया है। इसमें सहभागीजन अपने जिज्ञासाओं का समाधान कर सकेंगे और ध्यान के माध्यम से जीवन में शांति एवं संतुलन कैसे स्थापित किया जाए, इस पर मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। शिविर में प्रतिभागियों को ध्यान योग और सूरती योग की गहन साधना कराई जाएगी। ध्यान योग के अंतर्गत साधक तनावमुक्त और आनंदमय जीवन जीने की कला सीखेंगे। इसमें सहकर्मियों, परिवार और मित्रों के साथ सुखद संबंध बनाए रखने की तकनीक पर विशेष जोर रहेगा। साथ ही, आंतरिक नाद (अनाहत नाद) का व्यावहारिक अनुभव कराया जाएगा।सूरती योग के अंतर्गत साधक ब्रह्म नाद में लीन होने की साधना, निरंकार की साधना और समाधि का अनुभव प्राप्त करेंगे। यह साधना व्यक्ति को मानसिक शांति, आत्मिक बल और जीवन में गहराई प्रदान करेगी। शिविर में विशेष मार्गदर्शन हेतु प्रख्यात आध्यात्मिक गुरुओं को आमंत्रित किया गया है।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स में छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हसौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद के छात्रों ने जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेल जो की मालखरौदा में संपन्न हुआ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमें 17 वर्ष बालक संवर्ग में डिगेश मल्होत्रा कक्षा 10वीं ने तवा फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 19 वर्ष बालक संवर्ग में हिमेश खूंटे कक्षा 12वीं ने गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा हिमांशु टंडन ने 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 8वीं के छात्र राजेश पटेल ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्राचार्य शिव प्रसाद द्विवेदी, व्यायाम शिक्षक मीना महेश, अन्य खेल प्रभारी लंबोदर दास महंत तथा पूरा विद्यालय परिवार ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व कोच के साथ उपस्थित खिलाड़ी।

## छत्तीसगढ़ महिला नेटबॉल टीम ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पलवल (हरियाणा) में 28 से 31 अगस्त तक आयोजित 4थी सीनियर राष्ट्रीय फास्ट फाइव नेटबॉल चेम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। टीम ने पहले लीग मैच में पंजाब से हार झेलने के बाद जबरदस्त वापसी की।

■ स्लग-जांजगीर-चांपा की आरती चौहान का शानदार प्रदर्शन

जम्मू-कश्मीर और नागालैंड को हराकर प्री-क्वार्टर में जगह बनाई। प्री-क्वार्टर में असम को हराने के बाद क्वार्टरफाइनल में महाराष्ट्र को रोमांचक ट्राई ब्रेकर में 1 पॉइंट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में हरियाणा से हार का सामना करना पड़ा, मगर तीसरे स्थान के मुकाबले में राजस्थान को हराकर ब्रॉन्ज मेडल छत्तीसगढ़ के नाम किया। पदक वितरण हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने किया। इस जीत में जांजगीर-चांपा जिले की आरती चौहान ने गोलकीपर की पोजीशन पर शानदार खेल दिखाया और टीम के लिए मजबूत डिफेंस तैयार कर जीत में अहम योगदान दिया। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने खिलाड़ियों व कोचिंग स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि से प्रदेश में नेटबॉल खेल को नई पहचान मिलेगी। सचिव राजेश राठौर ने बताया कि कोच प्रशांत जेकब, मैनेजर आरती, और सहयोगी स्टाफ अनिल सिंह, रोशन लाठियां एवं महासचिव राजेश राठौर – ने बेहतर मैनेजमेंट कर टीम को इस मुकाम तक पहुंचाया।


## अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजयुमो ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

**जांजगीर-चांपा।** बिहार में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माता पर अभद्र टिप्पणी व गाली गलौज के विरोध में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय के कचहरी चौक में राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि बिहार में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस के मंच से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माता को अभद्र गाली गलौज किया गया था, जिसके विरोध में प्रदेश भर में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के द्वारा पुतला दहन किया जा रहा है। इस प्रकार के कृत्य के कारण कांग्रेस छत्तीसगढ़ की तरह बिहार में भी चुनाव हारेगी। भाजपा के जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि भाजपा में युवा मोर्चा का सामान्य कार्यकर्ता भी अनुशासित पार्टी का कार्यकर्ता होने के नाते राजनीति में अभद्र भाषा का उपयोग नहीं करते लेकिन कांग्रेस का नेतृत्व करने वाले राहुल गांधी के द्वारा हमेशा इस प्रकार के अपशब्द का प्रयोग निंदा के योग्य भी नहीं है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने कहा कि अगर राहुल गांधी और उसके कार्यकर्ता इस प्रकार दुराचार करके,अपनी ही नैय्या डुबाएंगे और भाजपा का कांग्रेस मुक्त भारत का नारा साकार होगा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, जितेंद्र देवांगन, नंद चौधरी, नंदिनी राजवाड़े, धनंजय सिंह, आशुतोष गोस्वामी, विकास शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष हितेश यादव, योगेश राणा, सुधीर गर्ग, पलाश चंदेल, जांजगीर मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर, सोनू यादव, हरि सोनवानी, प्रदीप यादव, दिग्विजय सिंह, गजेंद्र सिंह, चुन्नीलाल राठौर भूपेंद्र साहू, विवेक शर्मा, नवीन सोनी, कालू सेन तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## सभापति एवं सदस्यों के आवेदन पर 15 दिन बाद भी नहीं बुलाया बैठक

**मालखरौदा।** ब्लॉक मुख्यालय में स्थित परियोजना कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग के सभापति एवं सदस्यों ने प्रभारी सचिव एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी मलय धूरंधर को पत्र लिखकर 1 सितंबर को कार्यकर्ता सहायिका की भर्ती तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के आवास संबंधी समस्या के संबंध में बैठक आयोजित करने का निवेदन 15 दिन पहले किया था, लेकिन विभागीय सचिव ने विभाग के सभापति एवं सदस्यों को इस संबंध किसी प्रकार का सूचना नहीं दिया और नहीं बैठक बुलाया गया। ऐसे में सभापति ने सचिव को पत्र लिखकर बैठक नहीं बुलाने के संबंध में जानकारी देने को कहा है ताकि सही स्थिति से सभी सदस्य अवगत हो सके। सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग मालखरौदा खीक बाई मनहरण कमलेश पत्र लिखकर सचिव से 1 सितंबर को बैठक नहीं रखने के संबंध में जानकारी मांगा गया है। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी मलय धुरंधर का कहना है कि 3 सितंबर को हेल्थ कैंप का आयोजन होना था, जिसके चलते तैयारी में लगे थे, इस कारण बैठक नहीं किया जा सकता था।




न्यायालय : आरती ठाकुर प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी जांजगीर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश नवागढ
जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.

**नोटिस / ईश्तहार**

निष्पादन प्रकरण क्रमांक 21 अ / 2017 प्रोसेस क्रमांक 864/25, पेशी दिनांक 09/09/2025, चंदूलाल पूनीबाई वगै..................

प्रति,

(1) निर्णीतऋणी क्रं.03- तुलसी साहू पिता स्व. गोपीराम जाति- तेली उम्र 30 साकिन वार्ड नं-01 लिंगवापारा नवागढ तहसील नवागढ. जिला जांजगीर चांपा छ.ग.

(2) निर्णीतऋणी क्रं.04-संतोषी साहू पिता स्व. गोपीराम जाति- तेली उम्र 33 साकिन वार्ड नं-01 लिंगवापारा नवागढ. तहसील नवागढ. जिला जांजगीर चांपा छ.ग.

इस न्यायालय में डिक्रीधारी के द्वारा प्रस्तुत डिक्री के निष्पादन के लिए प्रस्तुत आवेदन जिसका निष्पादन प्रकरण क्रमांक 21 अ/2017 चंदूलाल विरूद्ध पूनीबाई वगै. हैं, जिसमें आपका हित हो तो,इस प्रकरण कि सुनवाई दिनांक 09/09/2025 को नियत है। जिसमें आप पेशी दिनांक 09/09/2025 को सुबह 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित रहें या अपने किसी अभिकर्ता/अधिवक्ता को जिन्हें प्रकरण की सम्यक जानकारी हो उपस्थित रखे जो सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। यदि आप पेशी दिनांक 09/09/2025 को अनुपस्थित रहते है, तब प्रकरण में आगे अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

**नोटः**– यदि किसी कारण उपरोक्त सुनवाई दिनांक 09/09/2025 को सार्वजनिक अवकाश होने पर अथवा कार्य स्थगित होने पर उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।

अतः आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

**आरती ठाकुर**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जांजगीर के न्यायालय के अतिरिक्त अतिरिक्त न्यायाधीश नवागढ़, जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग.**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चन्द्रकांत श्रीवास उम्र 46 साल पिता स्व.जीवन लाल श्रीवास जाति नाई निवासी ग्राम टुरी तहसील नवागढ़ जिला : जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) का मूल निवासी हैं, जिनके पुत्र के आधार कार्ड नंबर 7832 1659 7851 पर नाम चीनमय श्रीवास (Chinamaya Shriwas) एवं जन्मतिथि 01/01/2011 लिखा हुआ हैं, जो कि गलत है, वास्तविक नाम चिन्मय श्रीवास (Chinmay Shriwas) जन्मतिथि 06/04/2010 हैं, जो जन्म प्रमाण पत्र एवं कक्षा पांचवी, आठवीं, नवमीं व दाखिला प्रमाण पत्र में अंकित हैं, इनके पुत्र को सही नाम चिन्मय श्रीवास (Chinmay Shriwas) के नाम एवं जन्मतिथि 06/04/2010 सभी शासकीय व अर्धशासकीय एवं बैंक पासबुक से लेकर आधार कार्ड व सभी कागजातों में लिखा व पढ़ा जावेगा, इसमें किसी भी प्रकार कोई भ्रांति नहीं हैं, इस संदर्भ में दिनांक ------- को शपथ पत्र भी सत्यापित किया गया है।

स्थान : जांजगीर
दिनांक : 02/09/2025

**भवदीय**
**चन्द्रकांत श्रीवास**
**मोबाईल नं 9754422194**

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का
**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7


डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट

- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट


डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग


डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच




**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट


डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज



**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग

- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.

सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.

आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध

15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग

- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग

- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, नसबंदी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं शिल्पा शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हर साल अपने घर पर गणेशोत्सव धूमधाम से मनाती रही हैं। लेकिन, इस बार परिवार में करीबी के निधन के शोक के कारण उन्होंने अपने घर पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित नहीं की। इसके बावजूद मंगलवार को शिल्पा मुंबई के फेमस लालबागचा राजा पंडाल पहुंचीं और बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शिल्पा इस दौरान अपनी करीबी दोस्त आकांक्षा मल्होत्रा के साथ नजर आईं। पंडाल में मौजूद भारी भीड़ के बीच दोनों ने श्रद्धापूर्वक गणपति की आराधना की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में शिल्पा शेट्टी पारंपरिक लुक में दिखीं।

लाइफ Style



# कृति

## मेल एक्टर्स को मिलती हैं बेहतर कार-कमरे

कृति सेनन ने बताया कि कैसे फिल्म इंडस्ट्री में फीमेल एक्टर्स की तुलना पर मेल एक्टर्स को बेहतर कमरे और गाड़ियां मिलती हैं। वहीं, एक्ट्रेसेस को सेट पर हीरो से पहले बुला दिया जाता है। बॉलीवुड में कई बार हीरो और हिरोइन को लेकर दी जाती फीस पर डिस्कशन होता रहता है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई


कई एक्ट्रेसेस का कहना है कि हीरो को उनसे ज्यादा फीस दी जाती है और आज भी ऐसा होता है। अब कृति सेनन ने इस मुद्दे पर बात की और कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि हीरो को बेहतर कार या बेहतर कमरा मिला है। कृति ने यह भी बताया कि कैसे उनकी मां ने उन्हें खुलकर सपना देखने और उसे पूरा करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने कहा कि उनके पैरेंट्स दोनों काम करते थे और घर की जिम्मेदारियों को बराबरी से डिवाइड किया था। इसी वजह से कृति और नुपुर को कभी उनके जेंडर को लेकर रेसट्रिक्टेड नहीं हुआ। कृति ने बताया कि जबकि उनकी मां केवल उनके पढ़ने के हक के लिए लड़ सकीं और उन्होंने अपने हॉबीज को त्याग दिया था। लेकिन, उन्होंने हमेशा कृति को स्वतंत्र रूप से सपने देखने और जो वह चाहती थी उसे करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने माना कि कई बार उन्हें मेल एक्टर्स के साथ कम्पैरिजन में कम महसूस होता है। वह बोलीं, 'ऐसा कई बार नहीं हुआ, लेकिन छोटी-छोटी चीजें जैसे मेल एक्टर्स को बेहतर कार और बेहर कमरा मिलता है। यहां बात सिर्फ गाड़ी की नहीं, बल्कि मुझे छोटा महसूस करवाने की है, क्योंकि मैं एक महिला हूं। बस इसे इक्वल करना है।'

## हॉलीवुड मसाला



# डांस विद... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड ने एक बार फिर अपने दिग्गज सितारे को खो दिया है। मशहूर कनाडाई मूल के अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए। थियेटर से शुरुआत करने के बाद 1979 में उन्होंने टीवी शो द ग्रेट डिटेक्टिव से डेब्यू किया। 1983 में आई फिल्म रनिंग ब्रेव से उन्होंने बड़े पर्दे पर कदम रखा। ग्रीन के कॅरियर को असली मुकाम 1990 में मिला, जब उन्होंने केविन कॉस्टनर की फिल्म डांस विद वोल्वस में किकिंग बर्ड का किरदार निभाया।



# केल्सी बेटमैन रॉक ऑफ लव से हुई थीं चर्चित

**लॉस एंजिल्स।** ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव की कंटेस्टेंट रहीं केल्सी बेटमैन का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया। केल्सी बेटमैन ने साल 2009 में प्रसारिती हुए ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव के तीसरे और आखिरी सीजन में भाग लिया था। इस शो में माइकल्स की प्रेमिका बनने के लिए 23 महिलाओं के बीच भिड़ंत थी, जिसमें एक प्रतियोगी के रूप में केल्सी बेटमैन भी शामिल थीं। उस समय, वह 21 वर्ष की थीं और शो की सबसे कम उम्र की प्रतिभागियों में से एक थीं। बेटमैन उस शो में शीर्ष 10 तक पहुंच गई थीं, लेकिन सातवें एपिसोड में वो बाहर हो गई थीं। आपको बताते चलें कि शो के फाइनल में, ब्रेट माइकल्स ने ताया पार्कर को अपनी प्रेमिका के रूप में चुन लिया था। हालांकि, रॉक ऑफ लव के प्रशंसक केल्सी को शो के अंतिम सीजन के हिस्से के रूप में याद करते हैं।



# ये मेरा हुस्न गाने में हरनाज का जलवा

**मुंबई।** 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही बागी 4 के निर्माताओं ने मंगलवार को इस फिल्म का एक नया गाना 'ये मेरा हुस्न' रिलीज किया है, जिसमें हरनाज कौर संधू का किलर डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। साजिद नाडियाडवाला और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म के इस गाने में हरनाज कौर संधू ने अपने हॉट मूव्स से धमाल मचा दिया है। सुनहरी रेत और समुद्र की लहरों में फिल्माए गए इस गाने में हरनाज ने बॉस्को मार्टिस की शानदार कोरियोग्राफी पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। गाने को शिल्पा राव की मखमली आवाज, तनिष्क बागची के संगीत और समीर अंजान के बोलों ने और भी आकर्षक बनाया है। इस गाने में संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ भी अपने दमदार अंदाज में नजर आए, जिससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है।



# सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज का प्रीमियर

**मुंबई।** अनुपर्णा रॉय के निर्देशन में बनी डेब्यू फीचर फिल्म 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' का 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में हाउसफुल प्रीमियर हुआ। यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जिसका विश्व प्रीमियर इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में किया गया है। इस फिल्म को फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा सहयोग प्राप्त है। फिल्म को मिली इस शानदार प्रतिक्रिया पर उन्होंने खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'अनुपर्णा और उनकी टीम के लिए यह देखकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने आज के जमाने में एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जो मैं 25 साल पहले भी नहीं कर पाता। मुझे यकीन है कि इस फिल्म का दुनिया तक पहुंचने का सफर लंबा है और वह निश्चित रूप से भारत की अगली मजबूत आवाज हैं।'

## टीवी मसाला



# केबीसी के ज्योतिषी कंटेस्टेंट ने बता दिया अमिताभ का भविष्य

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड्स के इंट्रेस्टिंग प्रोमोज चैनल ने पोस्ट किए हैं। एक प्रोमो में दिखाया गया कि अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट ऐस्ट्रोलॉजी के स्टूडेंट निकलते हैं। बिग बी उनसे अपने बारे में पूछते हैं और यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि आदित्य ने उनकी कुंडली देख रखी है, जो कि इंटरनेट पर मौजूद है। अमिताभ बच्चन आदित्य की एजुकेशन देखकर इम्प्रेस हो जाते हैं। वह बोलते हैं, 'मान्यवर इतनी शिक्षा आप प्राप्त कर रहे हैं तो यहां क्या कर रहे हैं?' बिग बी आदित्य की डिग्रियां गिन रहे होते हैं तभी पता चलता है कि वह वैदिक ऐस्ट्रोलॉजी भी पढ़े हैं। ऐस्ट्रोलॉजी सुनते ही अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हैं। फिर बोलते हैं, 'तो आप बता सकेंगे कि क्या हो रहा है देश में। सर हमारे बारे में कुछ बताएंगे? भविष्य में हमारा कुछ ठीक-ठाक चलेगा?' आदित्य जवाब देते हैं, बहुत बढ़िया सर। इस पर अमिताभ बच्चन पूछते हैं कि आपको कैसे पता कि हमारा सब ठीक-ठाक होगा। इस पर आदित्य बताते हैं, 'सर जब हम पढ़ते हैं ना तो हमको कुछ सैंपल चार्ट्स मिलते हैं जिनको हम स्टडी करते हैं।' अमिताभ बच्चन पूछते हैं, कौन सा चार्ट तो आदित्य बताते हैं, जन्मकुंडली। अमिताभ बच्चन हैरान होकर बोलते हैं, हमारी जन्मकुंडली आपको कैसे मिल गई? आदित्य बताते हैं, 'सर इंटरनेट पर अवेलेबल है।' अमिताभ बच्चन चौंककर बोलते हैं, क्या बात कर रहे हैं? एक और प्रोमो में दिखाया जाता है कि आदित्य अमिताभ बच्चन को बताते हैं कि वह उनकी ड्रेसिंग सेंस के फैन हैं। उन्होंने कई जगह बिग बी को कॉपी किया है। उनकी तस्वीरें भी दिखाई जाती हैं, जब वह अमिताभ बच्चन जैसे कपड़े पहने हैं। इन्हें देखकर बिग बी बोलते हैं कि बस चश्मा अलग है। वहीं, यह भी बताते हैं कि उनके तो कपड़े खुद के नहीं होते, बल्कि सरकारी यानी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से मिलते हैं।

## मृदुल ने कुनिका को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' में एंट्री के बाद से ही कुनिका सदानंद काफी डॉमिनेटिंग अंदाज में सामने आई हैं। ताजा प्रोमो वीडियो में मृदुल तिवारी कुनिका को ऐसा जवाब देते नजर आ रहे हैं जिस पर जोरदार तालियां बजीं। उधर, बिग बॉस ने घर का एक बिलकुल नया हिस्सा खोल दिया है जिसका सीधा असर एविक्शन पर पड़ेगा।



दरअसल, जब बिग बॉस ने किसी एक खिलाड़ी को घर से बाहर करने के लिए नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू करवाई तो जहां नेहल ने अभिषेक और बजाज को निशाना बनाया और कहा कि उनका दिमाग बहुत बच्चों वाला है तो वहीं कुनिका सदानंद ने मृदुल को नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान मृदुल को 'बिन पेंदी का लोटा' कह दिया। इस पर मृदुल ने फौरन जवाब दिया- क्योंकि आपके साथ नहीं लुढ़क रहा? इस पर कुनिका ने पलटवार किया और कहा- जहां मैजोरिटी देखते हो चले जाते हो।

# अमेरिका में पायर का डंका
## तीन बड़े शहरों में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विनोद कापड़ी निर्देशित फिल्म पायर कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल में उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। इस फिल्म का वर्ल्ड टूर जारी है। कई देशों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड जीतने के बाद भारतीय फिल्म 'पायर का सितंबर में अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी, बॉस्टन और शिकागो में प्रीमियर होगा। अमेरिका के प्रतिष्ठित वॉशिंगटन डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल का समापन 7 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार विनोद कापड़ी के निर्देशन में बनी फिल्म पायर के प्रदर्शन के साथ होगा।



***फिल्म के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि :*** इसके बाद 14 सितंबर को आठवें इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन की समापन फिल्म के तौर पर भी पायर का चयन किया गया है। फिर अमेरिका के लोकप्रिय 16वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में 21 सितंबर को इस फिल्म को दिखाया जाएगा। पायर पहली भारतीय फिल्म है, जो एक महीने के अंदर अमेरिका के तीन बड़े शहरों के फिल्म फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित हो रही है।

***फिल्म को मिल चुके हैं कई अवॉर्ड :*** जुलाई में पायर ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 2025 के भारतीय फिल्म महोत्सव में बैंड जूरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीता था। फिल्म ने स्पेन और ब्रिटेन में भी चार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अवॉर्ड जीते थे। सिर्फ एक महीने में पायर को पांच अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। इनमें तीन सर्वश्रेष्ठ फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड शामिल हैं।

# शिकागो फिल्म फेस्टिवल में बन टिक्की और साली मोहब्बत को मिली जगह

**मुंबई।** फैशन की दुनिया से फिल्मों के गलियारों तक अपनी अलग पहचान बना चुके मनीष मल्होत्रा की फिल्में इन दिनों चर्चाओं में हैं। मशहूर डिजाइनर से फिल्म प्रोड्यूसर बने मल्होत्रा की दो फिल्में- साली मोहब्बत और बन टिक्की को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में आधिकारिक रूप से चुना गया है। यह किसी भी प्रोड्यूसर के लिए बड़ा सम्मान है और मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर इस सफलता को साझा करते हुए इसे गर्व का पल बताया।




***साली मोहब्बत से होगी फेस्टिवल की शुरुआत :*** इस बार फेस्टिवल का आगाज साली मोहब्बत से होगा। अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने पहली बार निर्देशन की कमान संभालते हुए इस फिल्म को बना रही हैं। फिल्म घरेलू हिंसा, भावनात्मक विश्वासघात और स्त्री की आवाज को दोबारा पाने के संघर्ष की कहानी बयां करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन के बीच की धुंधली रेखाओं पर खड़ी एक महिला का संघर्ष इस फिल्म की रीढ़ है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मनीष मल्होत्रा ने किया है। कलाकारों की बात करें तो इसमें राधिका आप्टे, दिव्येंदु, शरत सक्सेना, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और फिल्मकार अनुराग कश्यप भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस दमदार स्टारकास्ट के साथ फेस्टिवल की ओपनिंग फिल्म के तौर पर 'साली मोहब्बत' का चयन, मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन करियर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### बन टिक्की में नजर आएंगी दिग्गज अभिनेत्रियां

फेस्टिवल में दिखाई जाने वाली दूसरी फिल्म है बन टिक्की। यह फिल्म एक कमिंग-ऑफ-एज स्टोरी है जो परिवार, रिश्तों, प्रेम और पहचान जैसे संवेदनशील विषयों पर केंद्रित है। निर्देशक फराज आरिफ अंसारी की इस फिल्म में सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकाराएं शबाना आजमी और जीनत अमान लंबे समय बाद साथ नजर आएंगी। इनके साथ अभय देओल, नुश्रत भरुचा और नए कलाकार रोहान सिंह भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। बन टिक्की का वर्ल्ड प्रीमियर इसी साल जनवरी में पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में हो चुका है और अब शिकागो में इसकी स्क्रीनिंग से फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी पहचान मिलने की उम्मीद है।

### गुस्ताख इश्क से करेंगे डेब्यू

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि मनीष मल्होत्रा ने बतौर प्रोड्यूसर अपनी यात्रा की शुरुआत फिल्म 'गुस्ताख इश्क- कुछ पहले जैसा' से कर रहे हैं। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत यह फिल्म इसी साल नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## शुरुआती सफर था संघर्ष भरा, एक ही हसीना संग दी 29 सुपरहिट

# ये है देश का पहला महानायक, जिसके नाम पर है बड़ा मेट्रो स्टेशन

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन को आज बॉलीवुड का महानायक, सदी का पहला सुपरस्टार कहा जाता है। बिग बी ने दशकों लंबे कॅरियर के दौरान कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। अमिताभ के फिल्मों में कदम रखने से सालों पहले एक सुपरस्टार ऐसा था जिसे सबसे पहले महानायक का उपनाम मिला था। ये अभिनेता बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहलाते हैं। इनका प्रभाव और स्टारडम ऐसा था कि उनके नाम पर मेट्रो स्टेशन भी है। आज यहां जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो महानायक उत्तम कुमार हैं। 3 सितंबर को महानायक उत्तम कुमार की बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म 1926 में कोलकाता के साधारण से परिवार में हुआ था। कला और अभिनय के प्रति उनका बचपन से ही रुझान था। वो बंगाली परिवार में जन्में थे जहां उन्हें बचपन से ही ऐसा माहौल मिला कि उनकी आर्ट और थिएटर के प्रति दिलचस्पी उतपन्न होने लगी थी।*

### सपनों के लिए कुर्बान कर दी थी नौकरी

महानायक घर चलाने के लिए क्लर्क की नौकरी करते थे, लेकिन उन्होंने अभिनय के प्रति अपने झुकाव को कभी खत्म नहीं होने दिया। एक्टिंग के प्रति उनका कुछ ऐसा जुनून था कि वो दिन में क्लर्क की नौकरी और शाम को थिएटर्स किया करता था। अपनी जुनूनियत के चलते एक्टर ने एक दिन सबकुछ ताक पर रखते हुए फिल्मों की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उनकी शुरुआत आसान नहीं थी। आज हिंदी और बंगाली सिनेमा के धरोहर माने जाने वाले उत्तम कुमार को एक समय पर फ्लॉप कलाकार कहा जाता था।



### हिंदी और बंगाली सिनेमा में अतुल्नीय योगदान

महानायक उत्तम कुमार ने हिंदी फिल्मों के साथ ही बंगाली सिनेमा में भी अतुल्नीय योगदान दिया था। सिनेमा और कला के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करते हुए कोलकाता में उनके नाम का मेट्रो स्टेशन है। टॉलीगंज मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर महानायक उत्तम कुमार रखा गया है।

### मिला फ्लॉप जनरल मास्टर का टैग

उन्होंने लगातार एक के बाद एक इतनी फ्लॉप फिल्में दी कि उनका दूसरा नाम ही 'फ्लॉप जनरल मास्टर' पड़ गया था। कमर्शियल सक्सेस ही इस जिल्लत से छुटकारा पाने का उत्तम कुमार के पास इकलौता रास्ता था। लगातार सात फ्लॉप फिल्मों की झड़ी लगाने के बाद उत्तम कुमार ने दमदार वापसी की। उनकी किस्मत का सिक्का ऐसा पलटा कि फ्लॉप स्टार उत्तम साहब ने एक के बाद एक 10 सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ आलोचकों की बोलती बंद करा दी।

### अरुण कुमार था असली नाम

एक्टर की फिल्मों के फैन भी शायद उनके असली नाम से वाकिफ नहीं होंगे। उत्तम कुमार और महानायक के उपनाम से मशहूर अभिनेता का असली नाम अरुण कुमार चटोपाध्याय था।

### सुचित्रा सेन का साथ मिलते ही चमक उठी थी किस्मत

1952 में आई फिल्म 'बासु परिवार' उत्तम कुमार के कॅरियर की पहली हिट थी। इस बंगाली फिल्म से उन्होंने पहली बार सफलता का स्वाद चखा था। लेकिन, उनको असल पहचान साल 1953 में आई फिल्म शेरी चुआटोर से मिली। वो एक्ट्रेस सुचित्रा सेन को अपनी किस्मत की चाबी मानते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र भी किया था कि अगर सुचित्रा सेन से उनकी मुलाकात नहीं होती, तो शायद वो कभी महानायक नहीं बन पाते। एक्टर ने सुचित्रा सेन के साथ 30 फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया था, जिनमें से 29 फिल्में हिट रही थीं।

## खबर संक्षेप

### महिला जागृति शाखा ने बच्चों को किया जूता-मोजा वितरित



**सक्ती।** मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा सक्ती द्वारा कुरदा विकासखंड सक्ती के शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल के लगभग 100 बच्चों को जूता वितरण किया गया। महिला जागृति शाखा शक्ति के अध्यक्ष मीना अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष रीना गेवाडीन एवं प्रमुख सदस्य राखी अग्रवाल एवं अन्य महिलाएं उपस्थित थी। सरपंच श्रीमती रामायण बाई यादव, उपसरपंच श्रीमती अन्नपुर्णा चौहान, भुवन यादव पूर्व सरपंच, जहान चौहान, श्रीमती श्याम बाई कंवर पूर्व उपसरपंच , प्रधान पाठक श्री जगत सिंह कंवर, शिक्षक श्री उदय सिंह कंवर, मधुसूदन कास्यकार, जितेंद्र कुमार सूर्यवंशी, चंद्र प्रकाश तिवारी आदि उपस्थित थे।

### 100 व 200 मीटर दौड़ में शोभा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**सक्ती।** जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती श्रीमती कुमुदिनी बाघ द्विवेदी ने मां शारदे का पूजन कर किया। जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बालिका वर्ग 14 वर्ष में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय केरीबंधा कक्षा सातवीं की छात्रा शोभा सिदार ने 100 मीटर व 200 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान एवं 400 मीटर की दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से संभागीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। प्रधानपाठक नरेन्द्र कुमार वैष्णव ने शोभा सिदार की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नीलकंठ पटेल ने शोभा की जीत को प्रेरणादायी माना। ग्राम प्रमुख सरपंच ललिता सिदार ने बालिका की जीत पर बधाई देते हुए और आगे बढ़ने प्रोत्साहन प्रदान किया। उप सरपंच अमित पटेल ने पंचायत की ओर से शोभा को पुरस्कृत करने की बात कही।

### जिला पंचायत सदस्य ने स्कूल व गोदाम का किया निरीक्षण



**तनौद।** क्षेत्र में किसानों को खाद की आपूर्ति को लेकर हो रही परेशानी को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 8 प्रमिला अजय साहू के द्वारा सेवा सहकारी समिति - पकरिया के खाद गोदाम का निरीक्षण किया गया एवं खाद के भंडारण की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने गांव के - किसानों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने बताया कि समिति में यूरिया खाद - का स्टॉक नहीं होने के कारण उन्हें - काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रमिला अजय साहू ने जिला विपणन अधिकारी एवं कृषि विभाग के उप संचालक से चर्चा कर क्षेत्र के सभी सेवा सहकारी समितियों में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। पुर्व माध्यमिक विद्यालय पकरीया में एक पेड़ मां नाम छायादार फलदार पौधा व विद्यालय परिसर में पौधा लगाया वहीं शाला में बच्चों की उपस्थिति में नाराजगी जताई। स्कूल परिसर में रसोई कक्ष काफी जर्जर होने के कारण उन्होंने जिला पंचायत मद से नवीन रसोई कक्ष निर्माण कार्य हेतु डेढ़ लाख रुपए स्वीकृत करने आश्वासन दिया। इस अवसर पर रामहरि साहू, प्रमिला परमेश्वर सरपंच पकरीया सुखनंदन देवांगन, कमलेश, दुखीराम, पन्ना लाल, गनपत साहू, जागेश्वर आदि उपस्थित थे।

### शिक्षक रत्न से सम्मानित हुए प्रशिक्षण अधिकारी हरिश



**तुस्मा।** प्रशिक्षण अधिकारी और संभाग अध्यक्ष ओबीसी महासभा एवं संभाग अध्यक्ष अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार फाऊंडेशन हरिश साहू को उनके प्रशिक्षण क्षेत्र एवम समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य हेतू शिखर शिक्षक रत्न सम्मान 2025 रायपुर स्थित वृंदावन परिसर में राष्ट्रीय सम्मान समारोह के दौरान बस्तर राजा कमलचंद भंजदेव एवं पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर पद्मश्री अनूप रंजन पांडे एवं चेलक के द्वारा 1 सितंबर को प्राप्त हुआ। हरिश साहू लगातार सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हैं, जिसके लिए वे इससे पहले धरोहर हमारे गौरव स्वामी विवेकानंद युवा पुरस्कार छ ग गौरव सम्मान एवं राष्ट्रीय अवार्ड बाबा साहेब आंबेडकर अवार्ड से भी सम्मानित हो चुके हैं। हरिश साहू की इस सम्मान से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

अग्रवाल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का चतुर्थ दिवस

# संसार में जब भी पाप बढ़ता है, भगवान अवतार लेते हैं : पं. विजयशंकर मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चतुर्थ दिवस अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत कथा वाचक व जीवन प्रबंधन गुरू पं. विजय शंकर मेहता ने गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम कथा व श्रीकृष्ण प्राकट्य उत्सव पर केन्द्रित जीवन के सूत्रों की व्याख्या की।

व्यास पीठ से कथा श्रवण कराते हुए पं. विजय शंकर मेहता ने कहा कि जब-जब संसार में पाप बढ़ते हैं तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर पापियों का नाश करते हैं। उन्होंने गजेन्द्र मोक्ष की कथा कहते हुए कहा कि गजराज गजेन्द्र के पैर को मगरमच्छ ने अपना शिकार बना लिया। तब गजराज ने सहायता के लिए अपने परिजन को पुकारा, लेकिन किसी ने भी उसकी सहायता नहीं की। इसके बाद उसने भगवान को याद किया तब भगवान ने मगरमच्छ का वध कर गजराज को सहायता प्रदान की। इसी तरह समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से भगवान ने देवताओं को अमृत पिलाकर अमर कर दिया। इसी तरह वामन अवतार लेकर भगवान ने राजा बली से तीन पग भूमि दान में मांग कर उसके सिर पर पैर रखकर उसे पाताल लोक पहुंचा दिया और इस तरह देवताओं को स्वर्ग लोक मुक्त कराकर उन्हें सौंप दिया। इसी तरह श्रीराम कथा का श्रवण कराते हुए उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर धरती को उसके अत्याचारों से मुक्त कराया।



कथा श्रवण करते श्रद्धालु एवं इंसेट में व्यास पीठ से कथा सुनाते पं. मेहता।

इसी तरह द्वापर युग में जब कंस का अत्याचार बढ़ने लगा तो मानवता की रक्षा के लिए भगवान कृष्ण ने जन्म लेकर कंस के रूप में अत्याचारों का संहार कर सत्य, धर्म तथा नीति की रक्षा की। हमें जीवन में जब भी कुछ नकारात्मक लगने लगे तथा भय सताने लगे तो परमात्मा पर भरोसा रख उन्हें याद कीजिए, वह आपकी रक्षा जरूर करेंगे। आज की कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म होने पर संगीत पार्षदों द्वारा बधाई के मधुर भजन गाये गये। इसके अलावा आयोजक परिवार की ओर से नन्हें मुन्ने बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया।

नारायण सेवा संस्थान उदयपुर की ओर से एश्वर्य त्रिवेदी ने स्थानीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांग बच्चों के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले दानदाताओं की सूची की घोषणा की। गुरूवार 4 सितम्बर को 5वें दिन की कथा में श्रीकृष्ण बाल लीला, मथुरा गमन, कंस वध तथा श्रीकृष्ण-रूक्मणी विवाह उत्सव की कथा होगी। कथा श्रवण के लिए आयोजक परिवार की ओर से सज्जन अग्रवाल, श्रीमती किरण अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, प्रवीर अग्रवाल, निकेत अग्रवाल के अलावा विधायक व्यास कश्यप, छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जिला कांग्रेस प्रवक्ता नागेन्द्र गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी, लक्ष्मण थावानी, गंगाराम चंदानी, श्रीचंद चंदानी, होलाराम चंदानी, मोहन गुलाबानी, किशोर गोदेजा, लक्ष्मण कृपलानी, सुरेन्द्र राठौर, ओमप्रकाश केडिया, पन्ना लाल शर्मा, नंदकिशोर अग्रवाल, शीतल केडिया, राजकिशोर देवांगन, पुरूषोत्तम देवांगन, डॉ. संतोष अग्रवाल, जगदीश सिंह क्षत्री, नारायण सोनी, मिठ्ठलाल सोनी, योगेश चौधरी, गोपाल केडिया, राजेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रामनारायण मोदी, प्रकाश इंडस्ट्रीज से संजय जोशी, सुधाकर सारस्वत, अरूण झाझड़िया, मुरलीधर जयपुरिया, धीरेन्द्र जालान, विपेन्द्र अग्रवाल, मदनलाल अग्रवाल, भागवत विश्वकर्मा, विष्णु मोदी, मनोज मित्तल, अनिल अग्रवाल, दीपक गुप्ता, गुलशन सोनी सहित बड़ी संख्या में नगर तथा आसपास से आये श्रद्धालुगण मौजूद थे।



## गांव वालों के सहयोग से बंद की जा सकती है शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम पोड़ी दल्हा में विधिक साक्षरता और शराब निषेध कार्यक्रम का आयोजन अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा एवं सरपंच जीतेन्द्र सिंह की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने ग्रामीणों को बताया कि शराब आज लोगों बर्बाद कर रही है और इसके नशे युवा लड़के और बुजुर्ग भी है । आज हर गांव में शराब की दुकान है जिसे गांव वालों के सहयोग से ही बंद किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि आपके सरपंच बहुत सक्रिय हैं और उनकी सक्रियता के कारण आज आपके गांव में शराब की बिक्री कम है लेकिन अगर आप सब महिलाएं इसमें सक्रिय रुप से भागीदारी करें तो शराब बिक्री 95 प्रतिशत कम हो सकता है । उन्होंने महिला कमांडो बनाने पर भी कहा है उन्होंने कहा कि आप महिलाएं शराब बनाने वाले के पास जाकर एक एक बार निवेदन करे और उसके बाद भी अगर शराब बेचने वाले न माने तो उन्हें शराब एक्ट के तहत जेल भेजना है। सायबर अपराध पर उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के एप को डाउनलोड ना करें और ना ही किसी को ओटीपी बताये, ये सब सायबर ठगी है। उन्होंने ठगी से बचने के उपाय बताए साथ ही बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का भी निवेदन किया। सरपंच जीतेन्द्र सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे आपने चुन कर भेजा है मैं आप सबके सहयोग से गांव को आदर्श गांव बनाना चाहता हूं। इस अवसर पर महिलाओं को विधिक रूप से जागरूक होने एवं शराब निषेध करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में एएसआई राजेंद्र सिंह क्षत्रिय, बलराम सिंह सिकरवार, महिलाएं एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

■ पोड़ी दल्हा में विधिक साक्षरता और शराब निषेध कार्यक्रम आयोजित

## लगा 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर, लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगी राहत

**बाराद्वार।** बाराद्वार में जनपद स्कूल के पास 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। नया ट्रासंफार्मर लगने से अब लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही अब घरों और दुकानों में निर्बाध रुप से बिजली की आपूर्ति हो सकेगी। जनप्रतिनिधियों के प्रयास से बाराद्वार जनपद स्कूल के पास 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इसके लगने से वार्ड क्रमांक 9, 10, 7 और 8 के लोगों को लंबे समय से चली आ रही बिजली की लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अजय सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे एवं उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने विद्युत विभाग को लगातार पत्राचार कर समस्या से अवगत कराया था। उनके प्रयासों के फलस्वरूप नया 200 केवी का ट्रांसफार्मर स्वीकृत हुआ और शीघ्र ही स्थापित कर दिया गया। स्थानीय नागरिकों ने नगर प्रतिनिधियों एवं विद्युत विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब घरों और दुकानों में बिजली की आपूर्ति सामान्य हो सकेगी।



## जनता के लिए विकास कार्य एवं सुविधा ही सरकार की प्राथमिकता : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के अंबेडकर चौक से अंधियारी पाठ तक स्ट्रीट लाईट पोल निर्माण कार्य का भूमि पूजन खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं अकलतरा विधानसभा के पूर्व विधायक सौरभ सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा की अध्यक्षता में किया गया।

■ अंबेडकर चौक से अंधियारी पाठ तक स्ट्रीट लाईट पोल निर्माण कार्य का किया गया भूमि पूजन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार राज्य की जनता का जीवन स्तर ऊंचा उठने के लिए के लिए प्रतिबद्ध है एवं जनता के लिए सुविधाएं जुटाना एवं विकास कार्य ही सरकार की प्राथमिकता है। अंबेडकर चौक से अंधियारी पाठ तक स्ट्रीट लाइट लग जाने से क्षेत्र के लोगों को रात्रि में आवागमन करने में सुविधा होगी। दिवाकर सिंह राणा ने कहा कि वार्ड के चुने हुए जन प्रतिनिधियों को ज्यादा से ज्यादा नागरिक समस्याओं का समाधान कर नगर को उत्कृष्ट नगर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जिम्मेदारी है। स्ट्रीट लाइट लगने से वार्ड वासियों की बहुत प्रशिक्षित मांग पूरी होगी। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री नंद चौधरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान, मुरलीधर मिश्रा, पिन्टू बरेठ, कमलेश वैष्णव, संतन सिन्हा, भोजराज शर्मा, गोवर्धन साहू, श्रीमती सुनीता सिंह , सुरेश मिर्चनय , छतराम साहू एवं वार्डवासी उपस्थित थे ।



स्ट्रीट लाईट पोल निर्माण का भूमि पूजन करते सौरभ सिंह।

### एक लाख रुपए से भरे बैग लौटाने वाले ढाबा संचालक को एसपी ने किया सम्मानित

**बिर्रा।** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने सिलादेही के दादू ढाबा के मालिक भूपेंद्र साहू के द्वारा एक लाख रुपए से भरा बैग उसके मालिक को सकुशल लौटाने पर एसपी कार्यालय में उन्हें सम्मानित किया। बीते 22 अगस्त को बिर्रा थाना अंतर्गत ग्राम सिलादेही के दादू ढाबा में जैजैपुर निवासी ध्रुव कुमार अग्रवाल एक बैग में रखे 1 लाख रुपए को दादू ढाबा सिलादेही में भोजन के पश्चात जल्दबाजी के चक्कर में भूल गया। दादू ढाबा सिलादेही के संचालक भूपेंद्र साहू ने बिना किसी लाभ या मोह किए बिना ही उन्होंने थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जय कुमार साहू को देते हुए थाना में जाकर एक लाख रूपये को जमा कर दिया। इसके साथ ही थाना में रुपए जमा करने के बाद उक्त रुपए को पैसा मालिक ध्रुव कुमार अग्रवाल पिता सुभाष अग्रवाल निवासी जैजैपुर को सकुशल लौटाया गया। उनके इस नेक कार्य से प्रभावित होकर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर में 1 सितंबर को दादू ढाबा सिलादेही के मालिक भूपेंद्र साहू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा की आम नागरिकों को सम्मान देने पर पुलिस और जनता के बीच में विश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप उपस्थित थे।



## छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

प्री मैट्रिक अनुसुचित जाति जनजाति छात्रावास में नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों को नशा से दूर रहने व मोबाईल का उपयोग नहीं करने सला दी गई।

■ प्री मेट्रिक छात्रावास में नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

प्री मैट्रिक अनुसुचित जाति जनजाति छात्रावास बिर्रा में आयोजित नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत नशा मुक्त अभियान को मुख्य अतिथि थाना प्रभारी जयकुमार साहू ने सभी बालक बालिका को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को नशामुक्त से हमेशा दूर रहना चाहिए। साथ ही बच्चों के द्वारा कोई भी नशीली पेय पदार्थ का सेवन नहीं करना चाहिए अगर समय पर बच्चों ने नशा के प्रति जागरूक नहीं हुआ तो बच्चों का भविष्य खतरा मे पड़ सकता है और जीवन भी बर्बाद हो जाएगा। ऐसे में बच्चों को सलाह दी कि कभी भी बच्चों को नशा नहीं करना चाहिए और नशा करने वाले से दोस्ती भी नहीं करना चाहिए ताकि नशा से मुक्ति मिल सके वहीं बच्चों को कभी भी मोबाईल से दूर रखना चाहिए ताकि बच्चों के व्दारा मोबाइल से आज गलत संपर्क में आकर बच्चे तरह तरह की कानूनी दांव पेंच से बचना चाहिए, इसलिए छात्राओं को मोबाइल की लत से दूर रहना चाहिए। वहीं अधीक्षक कृष्ण कुमार राज ने बताया कि बच्चों को हमेशा मोबाइल से दूर रहने की बात कही। ताकि बच्चे मोबाइल की लत से छूटकारा मिलने से बच्चों का भविष्य संवर सकता है। इस मौके पर अधीक्षक नीलकंठ कहार, अधीक्षिका अनिता राज, प्रधान आरक्षक संजय उजिर, अनिल अजगले, आरक्षक लक्ष्मी कश्यप, रघुवीर यादव, सोनहत जगत, महिला आरक्षक मंजू मिरी के अलावा पुलिस के स्टाफ उपस्थित थे।



नशा मुक्ति जागरुकता अभियान में छात्र-छात्राओं के साथ उपस्थित थाना प्रभारी।

## अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनेगी 22 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ की एक आवश्यक बैठक पिछले दिनों खाटू श्याम मंदिर में रात्रि 9 बजे से आहूत की गयी। सम्पन्न बैठक में अग्रवंश संस्थापक श्रीश्री 1008 महाराज अग्रसेन जी की जयंती आगामी सोमवार 22 सितम्बर को प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से परंपरानुसार मनाये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में इसके अलावा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में समाज के सभी वर्गो के लिए विविध प्रतियोगिताएं शुक्रवार 19 सितम्बर से श्रीराम मंगलम भवन में आयोजित किये जाने का भी निर्णय लिया गया।



■ अग्रवाल सेवा संघ की बैठक में लिया गया निर्णय

यह जानकारी देते हुए अग्रवाल सेवा संघ के अध्यक्ष जगदीश मोदी एवं सचिव अखिलेश मोदी ने बताया कि इस वर्ष भी अग्रसेन जयंती समारोह 2025 में अंचल के समाज के किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये जाने सहित शुक्रवार 19 सितम्बर से समाज के सभी वर्गों के लिए विविध स्पर्धाएं श्रीराम मंगलम भवन में आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त अग्रसेन जयंती समारोह 2025 के उपलक्ष्य में सोमवार 22 सितम्बर को अपरान्ह 3 बजे से श्रीराम मंगलम से महाराज अग्रसेन जी की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा नगर में निकाले जाने का निर्णय लिया गया। शोभा यात्रा नगर भ्रमण के पश्चात पुनः श्रीराम मंगलम पहुंच कर समारोह के रूप में विसर्जित होगी। संपन्न बैठक में प्रमुख रूप से अग्रवाल सेवा संघ के संरक्षक रामनारायण मोदी, अध्यक्ष जगदीश मोदी, सचिव अखिलेश मोदी, पूर्व अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, विनोद मोदी सहित शरद अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अंकित मोदी, देवेन्द्र अग्रवाल, गणेश मोदी, विष्णु मोदी, पवन अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, किशन मित्तल, किशोर मोदी, हर्ष अग्रवाल, गजेन्द्र अग्रवाल एवं जयकिशन अग्रवाल के अलावा बड़ी संख्या में अग्रवाल सेवा संघ के सदस्य मौजूद थे।

कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने चलाया जा रहा आदि कर्मयोगी अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जनजाति विकास और परिवर्तन हेतु व्यक्तियों और संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और क्रांतिकारी जननायक बिरसा मुण्डा की छायाचित्र पर पुष्पमाला और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वाशु जैन सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आदिवासी बाहुल्य गांवों तक शासन के विभिन्न योजनाओं को पहुंचाना तथा सभी विभागों की योजनाओं से गांव के अंतिम व्यक्ति को जोड़ना है। इसी क्रम में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप सक्ती जिले में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सक्ती जिले के 39 जनजातीय बाहुल्य गांवों में निवासरत जनजातीय समुदाय को केंद्र और राज्य शासन की सभी योजनाओं से लाभान्वित कराना है। कलेक्टर ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने वाले सभी अधिकारियों को आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक करने और उन्हें लाभान्वित कराने के निर्देश दिए है। जिला पंचायत सीईओ वाशु जैन ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिला स्तर पर चयनित अधिकारियों कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को अभियान का सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश देते जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर।

